This question paper contains 24 printed pages.]

Your Roll No. ......................

# 777

## B.Com./II A

## Paper VII – CORPORATE ACCOUNTING

### (Admission of 2006 onwards)

**Time : 3 Hours** **Maximum Marks : 55**

*(Write your Roll No. on the top immediately on receipt of this question paper.)*

**Note :** (i) Answers may be written *either* in English *or* in Hindi; but the same medium should be used throughout the paper.

(ii) The maximum marks printed on the question paper are applicable for the students of the regular colleges (Cat. 'A'). These marks will, however, be scaled up proportionately in respect of the students of NCWEB at the time of posting of awards for compilation of result.

Attempt **all** questions. Workings should be shown as part of the answer. All sections of a question should be attempted together.

**All** questions carry equal marks.

**सभी** प्रश्न कीजिए । अपनी कार्यविधि को प्रश्न के एक भाग के रूप में दिखाइए । प्रश्न के **सभी** भागों को एक साथ कीजिए ।

**सभी** प्रश्नों के अंक समान हैं ।

1. The Directors of M.Ltd. invited applications for 5,00,000 equity shares of Rs. 10 each issued at 20 percent premium. The amount was payable as follows :

| | | |
|---|---|---|
| On application | : | Rs. 5 |
| On allotment | : | Rs. 4 (including premium) |
| On call | : | Rs. 3 |

Applications were received for 6,25,000 shares. It was decided

(i) to refuse allotment to the applicants for 5,000 shares.

(ii) to allot in full to the applicants for 20,000 shares.

(iii) to allot the remaining shares on pro-rata basis to the applicants for 6,00,000 shares and

(iv) to utilize the surplus application money as part payment of money due on allotment.

Sanjay, who was allotted 1,000 shares on pro-rata basis, failed to pay the allotment and call money. His shares were forfeited. Out of these, 800 shares were reissued @ Rs. 9 per share as fully paid up.

Pass Journal Entries. Prepare Bank Account and Balance Sheet. **11**

एम. लिमिटेड के निदेशकों ने 20 प्रतिशत के प्रीमियम पर निर्गमित 10 रु. प्रति शेयर के 5,00,000 इक्विटी शेयरों के लिए आवेदन आमंत्रित किए । राशि इस प्रकार देय थी :

आवेदन पर : 5 रु.

आबंटन पर : 4 रु. (प्रीमियम शामिल)

माँग पर : 3 रु.

6,25,000 शेयरों के लिए आवेदन प्राप्त हुए । यह निश्चय किया गया कि

(i) 5,000 शेयरों के आवेदकों को आबंटन नहीं किया जाएगा ।

(ii) 20,000 शेयरों के आवेदकों को पूरा आबंटन किया जाएगा ।

(iii) शेष शेयर 6,00,000 शेयरों के लिए आवेदकों का यथानुपात आधार पर आबंटित किए जाएँगे, और

(iv) अधिशेष आवेदन राशि को आबंटन पर देय राशि के आंशिक भुगतान के रूप में लिया जाएगा ।

संजय, जिसे यथानुपात आधार पर 1,000 शेयर आबंटित किए गए थे, आबंटन और माँग राशि का भुगतान नहीं कर पाया ।

उसके शेयर जब्त कर लिए गए और उनमें से 800 शेयर पूर्ण प्रदत्त के रूप में 9 प्रति शेयर पुन: निर्गमित किए गए ।

जर्नल प्रविष्टियाँ कीजिए और बैंक लेखा तथा तुलन पत्र तैयार कीजिए ।

**OR/अथवा**

(a) Explain the provisions relating to buy-back of shares. 3

(b) The Balance Sheet of Komal Ltd. as on 31-3-2010 was as follows :

| Liabilities | Amount Rs. | Assets | Amount Rs. |
|---|---|---|---|
| Equity shares of Rs. 10 each | 30,00,000 | Fixed assets | 63,00,000 |
| 12% preference shares of Rs. 100 each | 15,00,000 | Current assets | 14,00,000 |
| Capital reserve | 2,00,000 | Cash at bank | 3,00,000 |
| Security premium | 1,25,000 | | |
| General reserve | 6,00,000 | | |
| Profit and loss | 3,00,000 | | |
| Sundry creditors | 22,75,000 | | |
| | **80,00,000** | | **80,00,000** |

The preference shares were redeemed at 15% premium. For this purpose, the company issued sufficient number of equity shares at par.

The shortage of funds, after utilizing the proceeds of Fresh issue, was met by taking bank loan.

Pass Journal Entries to record the above transactions. 8

(क) शेयरों की वापस खरीद से संबंधित उपबंधों को स्पष्ट कीजिए ।

(ख) कोमल लि. का तुलन पत्र 31-3-2010 को इस प्रकार था :

| देयताएँ | राशि रु. | परिसंपत्ति | राशि रु. |
|---|---|---|---|
| 10 रु. प्रति शेयर के इक्विटी शेयर | 30,00,000 | स्थिर परिसंपत्तियाँ | 63,00,000 |
| 100 रु. प्रति शेयर 12% अधिमान शेयर | 15,00,000 | चालू परिसंपत्तियाँ | 14,00,000 |
| पूँजी आरक्षित | 2,00,000 | बैंक में रोकड़ | 3,00,000 |
| प्रतिभूति प्रीमियम | 1,25,000 | | |
| सामान्य आरक्षित | 6,00,000 | | |
| लाभ-हानि लेखा | 3,00,000 | | |
| विविध लेनदार | 22,75,000 | | |
| | **80,00,000** | | **80,00,000** |

अधिमान शेयरों का 15% प्रीमियम पर मोचन किया गया । इस प्रयोजनार्थ कंपनी ने सममूल्य पर पर्याप्त संख्या में इक्विटी शेयर जारी किए ।

नए निर्गम से प्राप्त आगम के उपयोग के बाद निधि की कमी को बैंक से ऋण लेकर पूरा किया गया ।

उपर्युक्त संव्यवहार को अभिलिखित करने के लिए जर्नल प्रविष्टियाँ कीजिए ।

2. The following balances were extracted from the books of Bright Ltd. on 1-4-2008 :

| | | |
|---|---|---|
| 10% Debentures | – | Rs. 40,00,000 |
| Sinking Fund | – | Rs. 33,28,000 |
| Sinking Fund Investment | – | Rs. 33,28,000 |

(Represented by 8% Govt. loan of Rs. 34,00,000)

| | | |
|---|---|---|
| Premium on redemption of debentures | – | Rs. 2,00,000 |

Annual contribution added to sinking fund was Rs. 4,00,000. According to the terms of issue, the debentures were redeemable at a premium of 5% on 31st March, 2009. The company had the right to purchase the debentures from market if available below par value.

On 1st January, 2009 the company purchased its own 500, 10% Debentures of Rs. 100 each @ Rs. 98 cum-interest for immediate cancellation.

The remaining debentures were redeemed on 31st March, 2009. Interest on debentures and interest on Govt. Loan were payable on 31st March each year. The investments were sold on 31st March, 2009 at a profit of Rs.10,000 on book value.

Pass Journal Entries. **11**

**Note :** The company had sufficient cash to buy its own debentures on 1st January, 2009.

ब्राइट लि. की 1-4-2008 को पुस्तकों से निम्नलिखित शेष उद्धृत किए गए :

| | | |
|---|---|---|
| 10% ऋणपत्र | – | 40,00,000 रु. |
| निक्षेप निधि | – | 33,28,000 रु. |
| निक्षेप निधि निवेश | – | 33,28,000 रु. |

(34,00,000 रु. के 8% सरकारी ऋण द्वारा निरूपित)

ऋणपत्रों के मोचन पर प्रीमियम – 2,00,000 रु.

निक्षेप निधि में 4,00,000 रु. का वार्षिक अंशदान डाला गया । निर्गम की शर्तों के अनुसार ऋणपत्र 31 मार्च, 2009 को 5% के प्रीमियम पर मोचनीय थे । सममूल्य से नीचे उपलब्ध होने पर कंपनी को बाज़ार से ऋणपत्रों को खरीदने का अधिकार था ।

1 जनवरी, 2009 को कंपनी ने अपने ही 100 रु. प्रति ऋणपत्र के 500, 10% ऋणपत्रों को तुरंत रद्द करने के लिए 98 रु. सह ब्याज की दर पर खरीदा ।

शेष ऋणपत्रों का 31 मार्च, 2009 को मोचन कर दिया गया । ऋणपत्रों और सरकारी ऋण पर ब्याज प्रति वर्ष 31 मार्च को देय थे । निवेशों को 31 मार्च, 2009 को बही खाता मूल्य पर 10,000 रु. लाभ पर बेचा गया ।

जर्नल प्रविष्टियाँ कीजिए ।

**नोट :** कंपनी के पास 1 जनवरी, 2009 को अपने ऋणपत्रों को खरीदने के लिए पर्याप्त रोकड़ थी ।

**OR/अथवा**

(a) Distinguish between capital redemption reserve and debenture redemption reserve. **3**

(b) The paid up capital of Sunshine Ltd. consisted of 1,00,000 equity shares of Rs. 10 each and 10,000, 8% preference shares of Rs. 100 each. The profit and loss account of the company for the year ended 31st March, 2009 showed net profit before tax of Rs. 4,00,000. The net profit brought forward from previous year's balance sheet amounted to Rs. 1,20,000. The company makes a provision of 40% for income tax. Following appropriations were proposed by the company.

(i) To pay dividend on preference shares.

(ii) To pay final dividend @ Rs. 1.50 per share to equity shareholders.

(iii) To transfer minimum amount to general reserve.

Prepare Profit and Loss Appropriation Account for the year ended 31st March, 2009.

Provide Corporate Dividend Tax at the rate of 17%. **8**

(क) पूँजी मोचन आरक्षिति और ऋणपत्र मोचन आरक्षिति में विभेद कीजिए ।

(ख) सनशाइन लि. की प्रदत्त पूँजी में 10 रु. प्रति शेयर के 1,00,000 इक्विटी शेयर तथा 100 रु. प्रति शेयर के 10,000, 8% अधिमान शेयर समाविष्ट हैं । कंपनी के लाभ-हानि लेखे में 31 मार्च, 2009 को कर से पूर्व 4,00,000 रु. का शुद्ध लाभ दिखाया गया था । पिछले वर्ष के तुलन पत्र से अग्रानीत लाभ 1,20,000 रु. था । कंपनी ने आयकर के लिए 40% का प्रावधान किया है । कंपनी द्वारा निम्नलिखित विनियोजन प्रस्तावित किए गए थे :

(i) अधिमान शेयरों पर लाभांश देना ।

(ii) इक्विटी शेयरधारियों को 1.50 रु. प्रति शेयर की दर पर अंतिम लाभांश देना ।

(iii) सामान्य आरक्षिति में न्यूनतम राशि अंतरित करना ।

31 मार्च, 2009 को समाप्त वर्ष के लिए लाभ-हानि विनियोजन लेखा तैयार कीजिए ।

17% की दर पर निगम लाभांश कर का प्रावधान कीजिए ।

3. The Balance Sheet of P Ltd. as on 31st March, 2010 was as follows :

| Liabilities | Rs. | Assets | Rs. |
|---|---|---|---|
| Equity share capital (shares of Rs. 10 each) | 4,00,000 | Goodwill | 60,000 |
| 10% Preference share capital (shares of Rs. 100 each) | 1,00,000 | Land and Building | 2,25,000 |
| General Reserve | 50,000 | Plant and Machinery | 3,00,000 |
| Profit and Loss A/c | 80,000 | Furniture | 40,000 |
| 12% Debentures | 1,65,000 | Stock | 80,000 |
| Staff provident fund | 45,000 | Sundry debtors | 1,80,000 |
| Sundry creditors | 75,000 | Cash at bank | 30,000 |
| | **9,15,000** | | **9,15,000** |

On 1st April, 2010 S Ltd. acquired all assets and liabilities of P Ltd. on the following terms :

(i) The assets of P Ltd. to be valued as follows : Goodwill at Rs. 40,000, land and building at 20% more than book value, plant and machinery and furniture at 10% less than book value, sundry debtors at book value subject to a provision of 5% for doubtful debts and other assets at book values.

(ii) The purchase consideration to be discharged by issue of 30,000 equity shares of Rs. 10 each at a premium of 10%, 1100, 10% preference shares of Rs. 100 each at par and the balance in cash.

(iii) Debentureholders of P Ltd. be discharged by issue of sufficient 12% debentures of Rs. 100 each at a premium of 10% in S Ltd.

The expenses of dissolution of P Ltd. amounted to Rs. 12,000.

You are required to prepare (i) Realisation Account, (ii) Preference Shareholders Account, (iii) Equity Shareholders Account and (iv) Bank Account, in the books of P Ltd. and pass Journal Entries in the books of S Ltd. **11**

31 मार्च, 2010 को पी लिमिटेड का तुलन पत्र इस प्रकार था :

| देयताएँ | रु. | परिसंपत्तियाँ | रु. |
|---|---|---|---|
| इक्विटी शेयर पूँजी (10 रु. प्रति शेयर) | 4,00,000 | सुनाम | 60,000 |
| 10% अधिमान शेयर पूँजी (100 रु. प्रति शेयर) | 1,00,000 | भूमि और भवन | 2,25,000 |
| सामान्य आरक्षिति | 50,000 | संयंत्र और मशीनरी | 3,00,000 |
| लाभ-हानि लेखा | 80,000 | फर्नीचर | 40,000 |
| 12% ऋणपत्र | 1,65,000 | स्टॉक | 80,000 |
| कर्मचारी भविष्य निधि | 45,000 | विविध देनदार | 1,80,000 |
| विविध लेनदार | 75,000 | बैंक में रोकड़ | 30,000 |
| | **9,15,000** | | **9,15,000** |

1 अप्रैल, 2010 को एस लिमिटेड ने निम्नलिखित शर्तों पर पी लिमिटेड की समस्त परिसंपत्तियों और देयताओं का अभिग्रहण किया :

(i) पी लिमिटेड की परिसंपत्तियों का मूल्यन इस प्रकार किया जाएगा : सुनाम 40,000 रु. पर, भूमि और भवन बहीखाता मूल्य से 20% अधिक पर, संयंत्र और मशीनरी तथा फर्नीचर बहीखाता मूल्य से 10% कम पर, विविध देनदार बहीखाता मूल्य पर, किंतु संदिग्ध ऋणों के लिए 5% का प्रावधान किया जाएगा । अन्य परिसंपत्तियाँ बहीखाता मूल्य पर ।

(ii) क्रय-प्रतिफल को 10% के प्रीमियम पर 10 रु. प्रति शेयर के 30,000 इक्विटी शेयर, सममूल्य पर 100 रु. प्रति शेयर के 1,100, 10% अधिमान शेयरों के निर्गम द्वारा और शेष को नकद द्वारा उन्मोचित किया जाएगा ।

(iii) पी लिमिटेड के ऋणपत्र धारकों का उन्मोचन एस लिमिटेड में 10% के प्रीमियम पर 100 रु. प्रति ऋणपत्र के 12% ऋणपत्रों द्वारा किया जाएगा ।

पी लिमिटेड के विघटन पर व्यय की राशि 12,000 रु. थी ।

आपको पी लिमिटेड की पुस्तकों में – (i) वसूली लेखा, (ii) अधिमान शेयरधारक लेखा, (iii) इक्विटी शेयरधारक लेखा और (iv) बैंक लेखा तैयार करना है और एस लिमिटेड की पुस्तकों में जर्नल प्रविष्टियाँ करनी है ।

**OR/अथवा**

(a) What do you mean by purchase consideration as per AS-14 ? **3**

(b) The Balance Sheet of Rose Ltd. as at 31st March, 2010 was as follows :

| Liabilities | Rs. | Assets | Rs. |
|---|---|---|---|
| Equity share capital (shares of Rs. 10 each) | 20,00,000 | Goodwill | 1,75,000 |
| 10% Preference share capital (shares of Rs. 100 each) | 5,00,000 | Land and Building | 1,50,000 |
| 12% debentures | 2,00,000 | Plant and Machinery | 4,00,000 |
| Interest on debentures | 24,000 | Furniture | 80,000 |
| Sundry creditors | 76,000 | Stock | 3,00,000 |
| | | Sundry debtors | 90,000 |
| | | Cash at bank | 1,45,000 |
| | | Preliminary expenses | 25,000 |
| | | Profit and Loss Account | 14,35,000 |
| | **28,00,000** | | **28,00,000** |

The company was not doing well. It had accumulated a lot of losses.

A revaluation of assets revealed the following :

| | | |
|---|---|---|
| Land and Building | = | Rs. 1,80,000 |
| Plant and Machinery | = | Rs. 2,00,000 |
| Furniture | = | Rs. 72,000 |
| Stock | = | Rs. 2,00,000 |

The following scheme of reconstruction is framed and approved by the court :

(a) The equity shares be converted into shares of Rs. 2 each.

(b) The 10% preference shares be converted into 12% preference shares of Rs. 40 each.

(c) The debentureholders to forego their claims by Rs. 74,000.

(d) The revaluations of assets be adopted.

(e) A provision of 10% be made against debtors for bad debts.

(f) Goodwill and losses be written off completely.

(g) Expenses of internal reconstruction amounting to Rs. 15,000 be paid in cash.

Pass Journal Entries to implement the scheme. 8

(क) AS-14 के अनुसार क्रय-प्रतिफल से आप क्या समझते हैं ?

(ख) रोज़ लि. का 31 मार्च, 2010 को तुलन पत्र इस प्रकार था :

| देयताएँ | रु. | परिसंपत्तियाँ | रु. |
|---|---|---|---|
| इक्विटी शेयर पूँजी (10 रु. प्रति शेयर) | 20,00,000 | सुनाम | 1,75,000 |
| 10% अधिमान शेयर पूँजी (100 रु. प्रति शेयर) | 5,00,000 | भूमि और भवन | 1,50,000 |
| 12% ऋणपत्र | 2,00,000 | संयंत्र और मशीनरी | 4,00,000 |
| ऋणपत्रों पर ब्याज | 24,000 | फर्नीचर | 80,000 |
| विविध लेनदार | 76,000 | स्टॉक | 3,00,000 |
| | | विविध देनदार | 90,000 |
| | | बैंक में रोकड़ | 1,45,000 |
| | | प्रारंभिक व्यय | 25,000 |
| | | लाभ-हानि लेखा | 14,35,000 |
| | **28,00,000** | | **28,00,000** |

कंपनी का काम ठीक नहीं चल रहा था । उसे भारी घाटे हो चुके थे ।

परिसंपत्तियों के पुनर्मूल्यांकन पर निम्नलिखित ज्ञात हुआ :

| | | |
|---|---|---|
| भूमि और भवन | = | 1,80,000 रु. |
| संयंत्र और मशीनरी | = | 2,00,000 रु. |
| फर्नीचर | = | 72,000 रु. |
| स्टॉक | = | 2,00,000 रु. |

पुनर्गठन की निम्नलिखित योजना बनाई गई जिसे न्यायालय द्वारा अनुमोदित किया गया :

(क) इक्विटी शेयरों को 2 रु. प्रति शेयर में परिवर्तित किया जाए ।

(ख) 10% अधिमान शेयरों को 40 रु. प्रति शेयर के 12% अधिमान शेयरों में परिवर्तित किया जाए ।

(ग) ऋणपत्र धारकों को 74,000 रु. द्वारा अपने दावों को त्यागना होगा ।

(घ) परिसंपत्तियों के पुनर्मूल्यांकन को स्वीकार किया जाए ।

(ङ) डूबत ऋणों के लिए देनदारों पर 10% का प्रावधान किया जाए ।

(च) सुनाम और हानियों को पूर्णत: अपलिखित कर दिया जाए ।

(छ) आंतरिक पुनर्गठन पर 15,000 रु. के व्यय का नकद भुगतान किया जाए ।

योजना को कार्यान्वित करने के लिए जर्नल प्रविष्टियाँ कीजिए ।

4. The following are the Balance Sheets of M Ltd. as at 31st March, 2009 and 31st March, 2010 :

| Liabilities | 2009 Rs. | 2010 Rs. | Assets | 2009 Rs. | 2010 Rs. |
|---|---|---|---|---|---|
| Equity share capital | 20,00,000 | 25,00,000 | Goodwill | – | 50,000 |
| General reserve | 5,00,000 | 6,00,000 | Land & Building | 9,10,000 | 8,00,000 |
| Profit and loss account | 3,00,000 | 4,50,000 | Plant and Machinery | 23,50,000 | 26,70,000 |
| Long-term loan | 8,00,000 | 3,00,000 | Stock | 1,80,000 | 2,15,000 |
| Sundry creditors | 1,00,000 | 1,30,000 | Sundry debtors | 90,000 | 1,40,000 |
| Provision for tax | 80,000 | 90,000 | Cash at bank | 1,65,000 | 1,70,000 |
| | | | Preliminary expenses | 85,000 | 25,000 |
| | **37,80,000** | **40,70,000** | | **37,80,000** | **40,70,000** |

**Additional Information :**

(1) The company paid dividend @ 10% to equity shareholders. Shareholders were entitled to receive dividend on new shares issued during the year.

(2) The company issued 10,000 equity shares of Rs. 10 each to supplier of machinery. Further, machines costing Rs. 4,00,000 were purchased against payment in cash. There was no sale of machines during the year.

(3) Interest paid on long-term loan Rs. 80,000.

Prepare Cash Flow Statement.

**Note :** Ignore corporate dividend tax. **11**

एम लिमिटेड के 31 मार्च, 2009 और 31 मार्च, 2010 के तुलन पत्र निम्नलिखित है :

| देयताएँ | 2009 रु. | 2010 रु. | परिसंपत्तियाँ | 2009 रु. | 2010 रु. |
|---|---|---|---|---|---|
| इक्विटी शेयर पूँजी | 20,00,000 | 25,00,000 | सुनाम | – | 50,000 |
| सामान्य आरक्षिति | 5,00,000 | 6,00,000 | भूमि और भवन | 9,10,000 | 8,00,000 |
| लाभ-हानि लेखा | 3,00,000 | 4,50,000 | संयंत्र और मशीनरी | 23,50,000 | 26,70,000 |
| दीर्घावधि ऋण | 8,00,000 | 3,00,000 | स्टॉक | 1,80,000 | 2,15,000 |
| विविध लेनदार | 1,00,000 | 1,30,000 | विविध देनदार | 90,000 | 1,40,000 |
| कर के लिए प्रावधान | 80,000 | 90,000 | बैंक में रोकड़ | 1,65,000 | 1,70,000 |
| | | | प्रारंभिक व्यय | 85,000 | 25,000 |
| | **37,80,000** | **40,70,000** | | **37,80,000** | **40,70,000** |

**अतिरिक्त सूचना :**

(1) कंपनी ने इक्विटी शेयर धारकों को 10% की दर पर लाभांश दिया । शेयर धारक वर्ष के दौरान जारी किए गए नए शेयरों पर लाभांश प्राप्त करने के हकदार थे ।

(2) कंपनी ने मशीनरी के प्रदायकों को 10 रु. प्रति शेयर के 10,000 इक्विटी शेयर का निर्गम किया । इसके अतिरिक्त 4,00,000 रु. की लागत की मशीनरी को नकद खरीदा गया । वर्ष के दौरान मशीनरी की कोई बिक्री नहीं की गई ।

(3) दीर्घावधि ऋण पर 80,000 रु. के ब्याज का भुगतान किया गया ।

नकदी-प्रवाह विवरण तैयार कीजिए ।

**नोट :** निगम लाभांश कर की उपेक्षा कर दीजिए ।

**OR/अथवा**

(a) The following balances were extracted from the Balance Sheet of Vivek Ltd. on 1st April, 2009 :

| | Rs. |
|---|---|
| Fixed assets (at cost) | 40,00,000 |
| Less : Accumulated depreciation | 5,00,000 |
| | 35,00,000 |
| Bank Balance | 1,30,000 |
| Other current assets | 8,00,000 |
| Current liabilities | 5,50,000 |

The net profit after depreciation amounted to Rs. 3,00,000. The company provided for depreciation Rs. 1,60,000 for the year 2009-10.

During the year 2009-10, the company purchased machines for Rs. 4,00,000. It sold a machine costing Rs. 1,00,000 (accumulated depreciation Rs. 35,000) for Rs. 75,000.

The current assets and current liabilities (excluding bank balance) on 31st March, 2010 were Rs. 11,30,000 and Rs. 8,00,000 respectively.

Interest received on investments amounted to Rs. 15,000.

Calculate cash flow from operating activities and investing activities for the year 2009-2010. **8**

(b) Briefly discuss the following techniques of financial statement analysis :

(i) Common-size statements

(ii) Trend analysis 3

(क) 1 अप्रैल, 2009 को विवेक लि. के तुलन पत्र से निम्नलिखित शेष उद्धृत किए गए :

| | रु. |
|---|---|
| स्थिर परिसंपत्तियाँ (लागत पर) | 40,00,000 |
| कम कीजिए : संचित मूल्य ह्रास | 5,00,000 |
| | 35,00,000 |
| बैंक रोकड़ | 1,30,000 |
| अन्य चालू परिसंपत्तियाँ | 8,00,000 |
| चालू देयताएँ | 5,50,000 |

मूल्य ह्रास के बाद शुद्ध लाभ राशि 3,00,000 रु. थी । कंपनी ने वर्ष 2009-2010 के लिए 1,60,000 रु. के ह्रास का प्रावधान किया ।

वर्ष 2009-2010 के दौरान कंपनी ने 4,00,000 रु. की मशीनरी खरीदी । उसने 1,00,000 रु. लागत (संचित मूल्य ह्रास 35,000 रु.) की एक मशीन 75,000 रु. में बेची ।

चालू परिसंपत्तियाँ और चालू देयताएँ (बैंक शेष को छोड़कर) 31 मार्च, 2010 को क्रमशः 11,30,000 रु. और 8,00,000 रु. थीं ।

निवेशों पर प्राप्त ब्याज की राशि 15,000 रु. थी ।

वर्ष 2009-2010 के लिए प्रचालन क्रियाकलापों तथा निवेशन क्रियाकलापों से नकदी प्रवाह का परिकलन कीजिए ।

(ख) वित्तीय विवरण विश्लेषण की निम्नलिखित तकनीकों का संक्षेप में विवेचन कीजिए :

(i) सामान्य आमापी विवरण

(ii) प्रवृत्ति विश्लेषण

5. The following figures have been extracted from the books of X Ltd. and Y Ltd. for the year ended 31st March, 2010.

| | X Ltd. Rs. | Y Ltd. Rs. |
|---|---|---|
| Net sales | 36,00,000 | 23,00,000 |
| Earnings before interest and tax (EBIT) | 7,20,000 | 3,38,000 |
| Current assets | 9,00,000 | 4,25,000 |
| Current liabilities | 5,00,000 | 2,10,000 |
| Average debtors | 5,50,000 | 3,00,000 |
| Equity share capital | 10,00,000 | 8,00,000 |
| Reserve and surplus | 2,00,000 | 1,25,000 |
| Long-term loan | 6,00,000 | 1,00,000 |

Calculate the following ratios for both the above-mentioned companies and comment on their comparative performance :

(i) Net profit ratio

(ii) Current ratio

(iii) Debtors turnover ratio

(iv) Return on capital employed

**Note :** Credit sales of X Ltd. and Y Ltd. accounted for 80% of their total sales. **11**

31 मार्च, 2010 को समाप्त वर्ष के लिए X Ltd. और Y Ltd. की पुस्तकों में से निम्नलिखित आँकड़े लिए गए हैं :

| | X Ltd. | Y Ltd. |
|---|---|---|
| | Rs. | Rs. |
| शुद्ध बिक्री | 36,00,000 | 23,00,000 |
| ब्याज और कर पूर्व आमदनी | 7,20,000 | 3,38,000 |
| चालू परिसंपत्तियाँ | 9,00,000 | 4,25,000 |
| चालू देयताएँ | 5,00,000 | 2,10,000 |
| औसत देनदार | 5,50,000 | 3,00,000 |
| इक्विटी शेयर पूँजी | 10,00,000 | 8,00,000 |
| आरक्षिति और अधिशेष | 2,00,000 | 1,25,000 |
| दीर्घावधि ऋण | 6,00,000 | 1,00,000 |

उपर्युक्त दोनों कंपनियों के लिए निम्नलिखित अनुपातों का परिकलन कीजिए और उनके आपेक्षिक निष्पादन पर टिप्पणी कीजिए :

(i) शुद्ध लाभ अनुपात

(ii) चालू अनुपात

(iii) देनदार आवर्त अनुपात

(iv) नियोजित पूँजी पर प्रतिलाभ

**नोट :** X Ltd. और Y Ltd. की उधार बिक्री उनकी कुल बिक्री का 80% थी ।

**OR/अथवा**

(a) Explain the meaning of the following :

(i) Debentures issued as collateral security.

(ii) Contingent liabilities.

Give two examples of contingent liabilities.

How will you treat the above mentioned items in the final accounts of a company ? **3**

(b) Explain the statutory provisions with regard to transfer of profit to reserve based on payment of dividend. **3**

(c) R Ltd. issued 5,000, 12% debentures of Rs. 100 each at a discount of 4% redeemable at 5% premium. The debentures were issued on 1st April, 2004 and were redeemable in 5 equal annual instalments. The first redemption was made on 31st March, 2006.

Pass Journal Entry for issue of debenture and calculate the amount of loss to be transferred to Profit and Loss Account each year. **5**

(क) निम्नलिखित का अर्थ स्पष्ट कीजिए :

(i) सांपार्श्विक प्रतिभूति के रूप में निर्गमित ऋणपत्र ।

(ii) प्रासंगिक देयताएँ ।

प्रासंगिक देयताओं के दो उदाहरण दीजिए ।

कंपनी के अंतिम लेखे में आप उपर्युक्त मदों का किस प्रकार निरूपण करेंगे ?

(ख) लाभांश के भुगतान पर आधारित आरक्षिति को लाभ अंतरित करने से संबंधित सांविधिक उपबंधों को स्पष्ट कीजिए ।

(ग) R Ltd. ने 5% के प्रीमियम पर मोचनीय 4% के बट्टे पर 100 रु. प्रति ऋणपत्र के 5,000, 12% ऋणपत्र जारी किए । ऋणपत्र 1 अप्रैल, 2004 को जारी किए गये थे और 5 बराबर किश्तों में मोचनीय थे । पहला मोचन 31 मार्च, 2006 को किया गया ।

ऋणपत्र के निर्गम के लिए जर्नल प्रविष्टियाँ कीजिए और प्रत्येक वर्ष लाभ-हानि लेखे में अंतरित किए जाने वाली हानि की राशि परिकलित कीजिए ।